हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई, 2025



11 पुलिस लाइन में चलाया पौधरोपण अभियान…





12 'पॉश कॉलोनियां नहीं है रहने लायक'




## खबर संक्षेप

### किसान 31 तक खरीफ फसलों का करवाएं बीमा

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को खरीफ फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान अपनी धान, बाजरा, मक्का और कपास जैसी खरीफ फसलों का बीमा करवा सकते हैं। योजना के अंतर्गत बाढ़, ओलावृष्टि, जलभराव, बिजली गिरना, प्राकृतिक आग आदि आपदाओं से नुकसान की स्थिति में मुआवजा प्रदान किया जाता है। कृषि उपनिदेशक डॉ. जितेन्द्र अहलावत ने बताया कि यह योजना स्वैच्छिक है।

### सोशल मीडिया से ले सकते हैं जानकारी

**चरखी दादरी।** भारतीय जनगणना-2027 के लिए जनगणना परिचालन विभाग भारत सरकार द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, जो प्रशासन की सक्रिय भागीदारी व आपसी सहयोग से ही समयबद्ध कार्य पूरा किया जाएगा। जनगणना 2027 के संदर्भ में प्रारंभिक कार्य तहसीलों से गांवों की सूची एकत्र करने का काम शुरू किया जा रहा है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि जन जागरूकता के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है।

### आमजन के कार्यों तत्काल निपटाएं अधिकारी: नैन

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अश्वीर नैन ने शुक्रवार को उपमंडल परिसर में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय, नकल शाखा, इंतकाल आदि कार्यो सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि कर्मचारी आमजन के कार्य समय पर निपटाएं, बेवजह लोगों के कार्यालयों के चक्कर न कटवाएं और लापरवाही मिली तो सम्बंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी।

### अज्ञान वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहल।** बहल से भिवानी मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय युवक बाइक पर सेरला से अपने गांव नूनसर जा रहा था कि रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नूनसर गांव का विरेन्द्र (40) सेरला गांव में खेतीबाड़ी करता था। वह शुक्रवार को सुबह काम निपटाने के बाद अपने गांव नूनसर जाने के लिए बाइक पर निकला था। जैसे ही वह बिधनोई गांव के समीप पहुंचा तो भिवानी साइड से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने विरेन्द्र की बाइक में टक्कर मार दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बेंचों का गठन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 4 बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमेन नरेश कुमार के नेतृत्व में पहली बैंच बनाई गई है।

### घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपये

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई राहवीर योजना को हरियाणा में लागू कर दिया गया है। इस योजना के तहत किसी गंभीर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल अथवा ट्रामा सेंटर में पहुंचाकर घायल व्यक्ति की जान बचाने वाले मददगार व्यक्ति को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त मुनीश शर्मा ने दी।

### माकपा व भाकपा ने बिजली व खाद्य तेल कीमतों का बताया जनविरोधी

# किमत बढ़ाने के विरोध में किया प्रदर्शन सीएम के नाम अधिकारियों को ज्ञापन

### गरीबों के राशन कार्ड काटने व बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को रद करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटियों की ओर से संयुक्त रूप से बिजली की बेताहाश बढ़ाई दरों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्य तेल में की गई अत्याधिक बढ़ोतरी के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजा और बिजली दरों को वापस लेने व तेल के दामों की बढ़ोतरी वापस करने की मांग उठाई। उपायुक्त की तरफ से डीडीपीओ के आफिस से सुप्रीडेंट राजकुमार जांगड़ा ने ज्ञापन लिया और उच्चाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भिजवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीआईएम की तरफ से सुखदेव पालुवास व सीपीआई की ओर से फूलसिंह इंदौरा ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआईएम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मंडल सदस्य कामरेड अनिल कुमार व सीपीआई के जिला सचिव फूलसिंह इंदौरा ने कहा कि हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी है, जो 20 पैसे से लेकर 45 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी, फिक्स चार्ज लोड दो किलो वाट तक 50 रुपये प्रति किलोवाट तथा 2 से अधिक 75 रुपये प्रति किलोवाट लोड कर दिया है। वहीं फ्यूल चार्ज 47 पैसे प्रति यूनिट, नगर पालिका टैक्स, बिजली उत्पाद शुल्क व अन्य शुल्क लगाकर 8.50 पैसे प्रति यूनिट बिजली उपभोग ग्राहकों को पड़ रही है। इसके साथ ही औद्योगिक इकाईयों, कमर्शियल शॉप पर फिक्स लोड 165 रुपये से 290 रुपये प्रति किलोवाट कर दिया है, जिससे आम आदमी व मध्य वर्ग पर अत्याधिक आर्थिक बोझ पड़ा है। प्रदर्शन में माकपा नेता करतार ग्रेवाल, राममेहर सिंह, रामफल देशवाल, संतोष देशवाल, चंद्रभान नाहलिया, नरेश शर्मा, रतन कुमार जिंदल, उपासना सिंह, प्रताप सिह सिंहमार व सीपीआई नेता प्रकाश इत्यादि मौजूद रहे।





**भिवानी।** शहर में विरोध प्रदर्शन करते माकपा व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता व डीडीपीओ कार्यालय के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते माकपा व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

#### 40 से बढ़ाकर 100 रुपये किए तेल के दाम

बीपीएल परिवारों को वितरित किए जाने वाले दो लीटर सरसों तेल की कीमत 40 रुपये से बढ़ाकर सरकार ने 100 रुपये कर दी हैं, जो गरीब आदमी के पेट पर लात मारने जैसा काम है, इसे तुरंत वापस लिया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सकें। उन्होंने गरीब लोगों के राशन कार्ड काटने, नई स्कीम के तहत बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को रद करने की मांग की है।

# 30 व 31 जुलाई को होगी एचटेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। 30 जुलाई को लेवल-3 (पीजीटी) एवं 31 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। इस परीक्षा में प्रदेशभर के 673 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 4,05,377 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। इस आशय की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने आज यहां एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का आयोजन 26 व 27 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। एचटेट परीक्षा एवं सीईटी परीक्षा दोनों की तिथि एक होने के चलते शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 26 व 27 जुलाई, 2025 के स्थान पर अब 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जाएगा। लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सायंकालीन सत्र में 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी, जिसमें 399 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1,20,943 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। उन्होंने बताया कि लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातः कालीन सत्र में 10:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होगी, इस परीक्षा में 673 परीक्षा केन्द्रों में कुल 2,01,517 अभ्यर्थियों प्रविष्ट होंगे। इसी तरह लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा भी इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सायंकालीन सत्र में 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी, जिसमें 280 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 82,917 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

#### पहले पहुंचना होगा

उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा आरम्भ होने से 2 घण्टे 10 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा ताकि केन्द्र के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से तलाशी, बायोमैट्रिक, अंगूठे के निशान का डाटा कैप्चरिंग इत्यादि अनिवार्य प्रक्रियाएं समय रहते पूरी हो सकें। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की पल-पल की मानिटरिंग करने के उद्देश्य से भिवानी बोर्ड मुख्यालय पर एक हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के इर्द-गिर्द धारा-163 स्थानीय प्रशासन द्वारा लगाई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल परीक्षा आरम्भ होने से काफी समय पूर्व परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात रहेगा।

# 15 को सीएम का आवास घेरेगा एसकेएम

- करनाल में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिया फैसला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

हरियाणा गवर्नमेन्ट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि. नं. 41, मुख्यालय चरखी दादरी सम्बंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ की तोशाम ब्रांच कार्यकारिणी की बैठक ब्रांच प्रधान कर्ण सिंह लाम्बा की अध्यक्षता में जल घर तोशाम पर आयोजित की गई।इस दौरान ब्रांच सचिव संदीप गौड़, खंजाची धर्मबीर जांगडा, उप प्रधान उमेद सिंह व वरिष्ठ उप प्रधान हनुमान आदि उपस्थित रहें। प्रधान कर्ण सिंह लाम्बा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति गम्भीर नहीं है। स्थानीय विधायकों, सांसदों तथा मंत्रियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी अपनी 24 सूत्रीय मांग पत्र देने के उपरांत भी इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है तथा न ही वार्तालाप के लिए संगठन को आमंत्रित किया गया। कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। प्रदेश कार्यकारिणी ने करनाल में 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है।



**तोशाम।** जागरूकता अभियान के तहत कर्मचारियों को निमंत्रण देते हुए।

#### ये हैं मुख्य मांगें

कौशल रोजगार निगम, टर्म अम्पाईंटी, दैनिक वेतन भोगी, पंचायत के अधीन व अन्य सोर्स के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा गारंटी दी जाये व सम्मान काम सम्मान वेतन दिया जाए। टर्म के कर्मचारियों की 23900 वाली फाईल लागू करे,रेगुलर कर्मचारी की प्रमोशन पर एक इंक्रीमेंट अतिरिक्त दिया जाए, कैशलेश मेडिकल लागू किया जाये, विभाग में कार्यरत तकनीकी पदों पर 2400 ग्रेड-पे लागू किया जाये, नई पैंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पैंशन बहाल की जाये, विभाग में कार्यरत सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का साईकिल भत्ता, धुलाई भत्ता सालाना देने की बजाय मासिक रूप में प्रदान किया जाये। मृतक कर्मचारी के वारिश को नौकरी देते समय कम से कम 5 वर्ष व 52 वर्ष की अधिकतम सीमा घटाई जाए।

# ऑन डिमांड 4 युवाओं ने दिया रक्त

- रक्तदान करें और करवाएं, पुण्य के भागी कहलाएं: डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने आपात स्थिति में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल ब्लड बैंक से फोन आया कि रेयर ब्लड ग्रुप ऐबी नेगटिव की चार यूनिट अर्जेंट तौर पर चाहिए, जिसके बाद उन्होंने ये सूचना तुरंत ही ग्रुप में डाली, जिसके बाद चार रक्तदाता मास्टर संदीप यादव प्रीतम गोलागढ़, अंकित कुमार व दीपक कुमार ब्लड बैंक में पहुंचे तथा रक्तदान कर ब्लड की पूर्ति की। शतकवीर रक्तदाता डुडेजा ने कहा कि रक्तदान एकमात्र ऐसा सामाजिक कार्य है, जिसमें कोई पैसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकते हैं। डॉ. रोहित ने बताया कि जरूरत के समय सूचना मिलने पर ब्लड बैंक में पहुंचे व रक्तदान करें। इस अवसर पर डॉ. रोहित कुमार, नर्सिंग अधिकारी सुभाष स्टाफ नर्स सुमन, शर्मिला व सुमित आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** रक्तदान करते रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

# छात्रों ने नशे के खिलाफ ली शपथ

- पालुवास के राजकीय स्कूल में मनाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

रावमावि पालुवास में नशा मुक्ति अभियान पखवाड़ा मनाया गया। नोडल अधिकारी संदीप वधवा के नेतृत्व में बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई। शिक्षक संदीप वधवा ने कहा कि आज की युवा नशे की आदि होती जा रही है, जो न केवल उनका बल्कि उनके गांव, समाज और प्रदेश को खोखला करती जा रही है। नशे की शुरुआत बच्चे मजाक-मजाक में स्कूल से करते हैं।

यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है। नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। पहले उसको समझाएं नहीं तो फिर उसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दें, जिससे कि उसके गांव, शहर में नशे को रोका जा सके। स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने नशे के खिलाफ सुंदर-सुंदर चित्र बनाएं। इस मौके पर सुरेंद्र तंवर, संदीप वधवा, संजय मुदगिल, रमेश कुमार, बबीता, प्रेमलता, संजीता,रेखा, सुनीता, शकुंतला, अरुणा, नीलम, किशन यादव, बंशीलाल इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



**भिवानी।** शिक्षकों के साथ बनाई गई पेंटिंग दिखाते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

# प्लास्टिक का प्रयोग न करने की ली शपथ

- मिट्टी, जल व वायु की गुणवत्ता के लिए गंभीर खतरा : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्लास्टिक मानव निर्मित पदार्थ है, जो अब संपूर्ण मानवता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, ये हमारे वातावरण में नष्ट न होने का गुण रखने की वजह से हमारे पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

जिस पर सुरुचि पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को दी ऑकवुड स्कूल में किया। प्रातः कालीन सभा में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने मिलकर प्लास्टिक प्रयोग के गंभीर परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। बच्चों ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ ली। प्लास्टिक के दुरुपयोग से बचने के लिए स्लोगन राइटिंग कंपटीशन का आयोजन किया, जिसमें कक्षा चार से छह के विद्यार्थियों में भावी प्रथम, सृष्टि द्वितीय तथा हंसवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा सातवीं से दसवीं के समूह में पलक ने प्रथम, सारिका ने द्वितीय तथा भैया मुकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**भिवानी।** प्लास्टिक मुक्त पेंटिंग बनाकर दिखाते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

#### पर्यावरण के लिए खतरा

प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने बताया की प्लास्टिक आज के युग में अनेक रूपों में हमारे जीवन में काम आने वाला पदार्थ है, जिसका उपयोग हमारे दैनिक जीवन, उद्योग, अस्पताल, विद्यालय तथा अंतरिक्ष तक किया जाता है, लेकिन दुर्भाग्य से इसके बहुत उपयोगी होने के बावजूद ये हमारे वातावरण के लिए गंभीर खतरे के रूप में हमारे सामने आ रहा है, क्योंकि प्लास्टिक प्राकृतिक रूप से नष्ट न होने का गुण रखता है, इसलिए ये मिट्टी, जल व वायु की गुणवत्ता के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

# पराली आपूर्ति श्रृंखला लगाने पर दिया जाएगा अनुदान

- किसानों को फसल प्रबंधन प्रक्रिया अपनाने का आह्वान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के तहत फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत धान सप्लाई चैन इंडस्ट्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक इंडस्ट्री योजना का लाभ लेने के विभागीय पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि उपनिदेशक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत धान सप्लाई चैन स्थापित करने व पराली प्रबंधन के लिए इंडस्ट्री को 65 प्रतिशत क्रेडिट लिंक दिया जाएगा। जिसमें मशीनों की खरीद पर परियोजना लागत 1 करोड़ 3 हजार एमटी क्षमता प्रति सीजन व 1.5 करोड़ 4500 एमटी क्षमता प्रति सीजन होगी। सहायक कृषि अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि इच्छुक इंडस्ट्री का हरियाणा में स्थापित होना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदनों की जिला स्तरीय कार्यकारी समिति जिसमें अग्रणी बैंक का प्रतिनिधि सदस्य होगा द्वारा जांच की जाएगी और राज्य स्तरीय मंजूरी समिति के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएंगी।

### महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर दिया न्योता

# जयंती समारोह को लेकर हर वर्ग में उत्साह

- 13 जुलाई को भीम स्डेयिम मे आयोजित किया जाएगा प्रदेश स्तरीय समरोह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में 13 जुलाई को होने वाले प्रदेश स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। आयोजन कमेटी के सदस्यों का निमंत्रण अभियान अब समाप्ति की ओर है तथा समारोह के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर भारी संख्या में लोग जुटेंगे। इसी कड़ी में आयोजन कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को विभिन्न शहरी कॉलोनियों व ग्रामीण क्षेत्रों में निमंत्रण अभियान चलाया।



**भिवानी।** लोगों को जयंती समारोह का न्योता देते मामनचंद प्रजापति व रमेश टांक।

#### सकारात्मक प्रतिक्रिया

आयोजन समिति के सदस्य पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति व रमेश टांक ने बताया कि पिछले कई हफ्तों से वे हरियाणा के विभिन्न जिलों और कस्बों में जाकर लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे थे, इस दौरान उन्हें हर जगह से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। लोगों ने महाराजा दक्ष प्रजापति के योगदान को याद करने और समारोह का हिस्सा बनने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग से लोग जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर महाबीर मोखरा, धर्मबीर ठेकेदार, सतबीर बेरला, सतपाल ठेकेदार, अर्जुन प्रजापति, सोनू कालिया, संजय चौहान, रामशरन, मांगेराम, धर्मेंद्र जावला, नवीन प्रजापति, विनोद प्रजापति, हुकम प्रजापति, विक्की तंवर आदि मौजूद रहे।


दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।


दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

---

अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

---

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति** : आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन** : सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य** : सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत** : प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

1. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

2. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

3. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

4. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

5. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

6. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

7. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

8. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

9. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

10. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



भिवानी। नवनियुक्त उपाध्यक्ष को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### केके ग्रोवर बीजेपी जिला उपाध्यक्ष बने

**भिवानी।** बीजेपी भिवानी इकाई ने कार्यकारिणी घोषित की है। कार्यकारिणी में केके ग्रोवर को पार्टी ने जिले का उपाध्यक्ष बनाया है। उपाध्यक्ष बनाये जाने पर ग्रोवर का आज स्थानीय नेहरू पार्क में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वही उपाध्यक्ष केके ग्रोवर ने कहा की उन पर पार्टी ने जो विश्वास जताया है वे उनके धन्यवाद है। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भिवानी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक का आभार व्यक्त किया है।



चरखी दादरी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एचडी स्कूल में कविता वाचन प्रतियोगिता हुई

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा तीसरी से पांचवीं तक हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना से किया गया। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कविता आत्मा की अभिव्यक्ति है और ये प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता व भाषाई सौंदर्य का विकास करती है। प्रतियोगिता में बच्चों ने देशभक्ति, प्रकृति, मातृत्व, शिक्षकों व सामाजिक मूल्यों जैसे विषयों पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत की। कुछ बच्चों ने स्वलिखित कविताएं सुनाकर सभी को आश्चर्यचकित किया।

## वृक्ष मानव की जीवन रेखा, प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहिए: एसएसपी

# पुलिस लाइन में चलाया पौधरोपण अभियान, 2000 पौधे किए रोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलिस लाइन में बड़े स्तर पर पौधरोपण व नशे के प्रति जागरूकता के लिए जिला पुलिस और डीएलएफ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रवर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्यतिथि के तौर पर पूर्व सदस्य लोकपाल भारत सरकार, जीएसटी, सीबीआईसी के पूर्व सदस्य महेंद्र सिंह ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सलाहकार एवं अप्रत्यक्ष कर के विशेषज्ञ रविंद्र सांगवान ने की। कार्यक्रम के आयोजक व संरक्षक एसएसपी मनबीर सिंह ने आतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। मुख्यतिथि व अतिथियों का स्वागत करते हुए डीएसपी मुख्यालय आर्यन चौधरी ने कहा कि ये हम सबके लिए गौरव का पल है, जब इनते बड़े अधिकारी और समाजसेवी हमारे बीच मौजूद हैं। जिला पुलिस समय समय पर अनेक सामाजिक कार्य करती रहती है, जिसमें जिले को नशामुक्त बनाने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाती है। पुलिस कप्तान ने कहा कि वृक्ष मानव की जीवन रेखा है, प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि हमें छाया और फल भी प्रदान करते हैं। पेड़ मानव जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह पेड़ों को लगाए और समाज में बड़ रहे नशे के खिलाफ मुहिम चलाकर समाज को नशे से बचाए। जिला भिवानी में उपपुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया, जो जिले में विभिन्न स्कूल, कॉलेज व गांव में जाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और नशा न करने की शपथ भी दिलवाई। पुलिस कप्तान ने बताया कि डीएलएफ के माध्यम से 2000 पौधों को पुलिस लाइन व सभी थानों के साथ साथ गांवों और जिला स्डेडियम में एक साथ बड़े स्तर पर पौधरोपण किया। डीएलएफ फाउंडेशन की ओर से बोलते हुए मनोज राणा ने कहा कि डीएलएफ बड़े स्तर पर सामाजिक कार्यों को करता है। जिला भिवानी में डीएलएफ की ओर से 2000 पौधों का बड़ा अभियान चलाया, जिसमें बड़े स्तर पर पौधरोपण किया।






भिवानी। पुलिस लाइन में पौधरोपण करते पुलिसकर्मी व अन्य तथा बवानी खेड़ा में वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मॉडल संस्कृति स्कूल में 160 पौधे लगाए

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य संतोष भाकर के मार्गदर्शन एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार तथा इको क्लब इंचार्ज गरिमा के नेतृत्व में इको क्लब ने संचालित किया। प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत सभी को एक पेड़ लगाकर मेरी लाइफ पोर्टल पर उस पौधे की टैगिंग करवानी है। इस अभियान के तहत विद्यालय द्वारा 160 पौधे लगाए गए। प्राचार्या संतोष भाकर ने छात्रों को बताया कि स्वच्छ पर्यावरण व प्राण वायु के लिए पृथ्वी पर पौधों का होना अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने जन्मदिवस पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि न केवल पौधरोपण करना है बल्कि उसकी देखभाल भी करनी है। इस अवसर पर सुनील शर्मा, सत्यवान यादव, कृष्ण, नवीन काजल, हुनेश अग्रवाल, वीरेंद्र, मनोज अग्रवाल, मोहित, सोनू तंवर, नमिता, महेंद्र अत्रि, रविन्द्र, गीता, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। गांव दिनोद के कन्या स्कूल में पौधरोपण करती प्राचार्या सीमा कुमारी, ईको क्लब इंचार्ज सरिता, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी मास्टर लक्षमण गौड़ व छात्राएं।

## श्रावण के शुभारंभ पर दिनोद कन्या स्कूल में रोपित किए 101 पौधें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- पौधें हमारे जीवन का आधार, पौधों के बिना जीवन असंभव : प्राचार्या सीमा

गांव दिनोद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रावण माह के पहले दिन विद्यालय परिसर में 101 पौधें रोपित किए। पौधरोपण कार्यक्रम शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया के मार्गदर्शन व वन विभाग के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विद्यालय की प्राचार्या सीमा कुमारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता ईको क्लब की इंचार्ज सरिता कुमारी, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी मास्टर लक्ष्मण गौड़ ने की।

प्राचार्या सीमा, ईको क्लब की इंचार्ज सरिता व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी मास्टर लक्षमण गौड़ ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण अनेक तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। पर्यावरण प्रदूषण को समाप्त करने के लिए अधिक से अधिक पौधें लगाना जरूरी हैं और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि पौधें हमारे जीवन का आधार हैं, इनके बिना जीवन संभव नहीं है।

**इन्होंने किया योदान:** कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान अध्यापक सुरेन्द्र सिंह, प्रवक्ता प्रसैन सिंह, अनिल सैनी, मुकेशराज, मुकेश कुमारी, राष्ट्रपति अवार्डी ममता पालीवाल, विजय, अन्नु रानी, पुष्पा कुमारी का विशेष योगदान रहा।

## गुप्ता के नाम पर सड़क का नामकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- 26 जून को लंबी बीमारी के बाद हो गया था निधन



देहदानी मामनचंद गुप्ता

ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव मामनचंद गुप्ता के निधन पर भिवानी, दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख लोग ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर से मांग की कि समाजसेवा के लिए अपना जीवन एवं जीवन के बाद भी चिकित्सा अनुसंधान के लिए अपना शरीर दान करने वाले महादानी मामनचंद गुप्ता की स्मृति में भिवानी में सड़क का नामकरण किया जाना चाहिए।

बता दें कि मामनचंद का विगत 26 जून को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उनकी पूर्व इच्छा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार न करके उनके शरीर को दान स्वरूप ऑल इंडिया मेडिकल कॉलेज (एम्स) नई दिल्ली भेजा, ताकि एमबीबीएस कर रहे छात्र उनके शरीर पर चिकित्सा अनुसंधान कर सकें। उनके निधन पर प्रयास स्पेशल दिव्यांग स्कूल के अध्यक्ष रामचंद्र मित्तल, सचिव दिनेश गोयल, अग्रसेन ट्रस्ट के प्रधान रामदेव तायल, महासचिव सुरेन्द्र जैन एडवोकेट, ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रधान अनिल कुमार आदि शोक जताया।

# दुष्यंत को मुख्यमंत्री बना दो, रोजगार की झड़ी लगा देंगेः चौटाला

- कलम में बहुत ताकत होती है। बाबा साहेब की दी ताकत को पहचानों
- दिग्विजय ने 11 लाख की लागत सहायता राशि से डा. अम्बेडकर भवन के पत्थर का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। भवन का उदघाटन करते जनता पार्टी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला।

अपने हक अधिकारों के लिए तलवार,गोली चलाने की जरूरत नहीं बल्कि कलम की ताकत को पहचान कर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देकर अधिकारों को पाया जा सकता है।

आज के युवाओं को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर,सर छाटुराम, जननायक चौधरी देवीलाल सरिखे महापुरुषों क्रांतिकारी से सिखने की जरूरत है। जिन्होंने ताउम्र गरीब शोषित लोगों को आगे बढ़ाने में लगा दी थी। जननायक जनता पार्टी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने देर शाम को शहर के जीतू वाला जोहड़ स्थित डा.अम्बेडकर भवन को नीजि कोष से 11 लाख रुपए की सहायता राशि का पत्थर शिलान्यास करते हुए उपस्थित लोगों को कहें। दिग्विजय ने देर शाम भिवानी हल्के के गांव हालुवास,बामला,चेजारो की ढाणी में पहुंचकर युवा जोड़ों अभियान के तहत उपस्थित युवाओं को सम्बोधित भी किया। चौटाला ने कहा की गरीब परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक विजन तैयार किया था जिसके तहत हरियाणा में लगभग साढ़े चार हजार गांवों में ई-लाइब्रेरी की स्थापना का खाका तैयार किया गया था जिसमें बहुत से गांवों में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की गई।

### टूटी सड़कें, बारिश के भरे पानी से सरकार की खुली पोल

भाजपा को दिशाहीन और मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक डमी मुख्यमंत्री कहते हुए चौटाला ने कहा की बारिश के मौसम ने भाजपा सरकार की पोल खोलने का काम किया है। टुटी सड़कें,टुटी गलियों और गंदे पानी से भिवानी शहर का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही हाल हरियाणा के अन्य जिलों का है। जजपा को भिवानी में सफलता, सैकड़ों समर्थकों सहित पार्षद उम्मीदवार सज्जन प्रजापति पार्टी में शामिल...चेजारों की ढाणी में महाराजा दक्ष प्रजापति के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुऐ। इस मौके पर नगरपरिषद उम्मीदवार सज्जन प्रजापति ने सैकड़ों समर्थकों सहित भाजपा को छोड़कर जननायक जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। शामिल हुए युवा को भरपूर मान-सम्मान की बात कहते हुए चौटाला ने कहा की समय आने पर यह अहसान सवाया करके लौटाऊंगा।

### युवा सरकार बना दो रोजगार की झड़ी लगा देंगे

बामला और हालुवास में युवाओं को सम्बोधित करते हुए चौटाला ने कहा कि युवा मिलकर दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बना दो मेरा वादा है रोजगार की झड़ी लगा देंगे। इससे पहले दिग्विजय का बामला , हालुवास, जीतू वाला जोहड़ पर ढोल नगाड़ों के साथ युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ जिला अध्यक्ष जितेंद्र धारेडू,जिला प्रभारी कृष्ण बजीना, प्रोफेसर रणधीर सिंह चीका,हल्का अध्यक्ष प्रदीप गोयल,प्रभारी राजेश ग्रेवाल, दिग्विजय के प्रैस सचिव राजू मेहरा,जिला प्रवक्ता शकंर आहुजा, सज्जन प्रजापति, अशोक सिहाग, शेट्टी धनाना,अशोक बाली शर्मा,अनुज बाली शर्मा,बललु बामला,अवतार सांगवान,मदन जुसवाला,अमन रंगा हालुवास,जयदीप ग्रेवाल बामला,नितिन सैन,ओमी बापौडा,संजय कारखल, जगदीश धनाना, कुलदीप भारतीय,पंकज मेहता, रमेश भौरिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सामाजिक मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना उद्देश्यः मीनाक्षी

- भाविप के स्थापना दिवस पर महिला विकास योजना पर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। अतिथियों को पौधा भेंट करती आयोजक। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस पर शाखा भिवानी द्वारा महम गेट स्थित कॉलेज में महिला विकास योजना पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में पूर्व प्रांतीय महिला सहभागिता डॉ. कमला भारद्वाज, मुख्य प्रवक्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी जींद कांता यादव, विशिष्ट अतिथि चौधरी बंसीलाल विश्विद्यालय की कुलसचिव भावना शर्मा तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजल अग्रवाल ने की। शाखा सचिव मीनाक्षी शर्मा के मंच संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके व राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाकर किया।

उन्होंने बताया कि परिषद का मुख्य उद्देश्य जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अपनाने जैसे सामाजिक संदेशों के बारे में लोगों को जागरूक करना है, जिसके लिए समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों को सामाजिक मुद्दों बारे जागरूक कर एक सभ्य समाज की संरचना में अपना योगदान दिया जा सकें।

डॉ. भावना शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर वक्तव्य दिया। परिषद ने अतिथियों का स्वागत माला, उपवस्त्र तथा तुलसी के पौधों से सम्मान किया। गोष्ठी का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## भाजपा नेता ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की, जिसने राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। यह सौहार्दपूर्ण मुलाकात मुख्यमंत्री आवास पर हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

भेंट के बाद जारी संक्षिप्त बयान में दोनों पक्षों ने मुलाकात को आपसी सहयोग, संवाद और सशक्त नेतृत्व के भाव को और भी सुदृढ़ करने वाली बताया। मोहित ने बताया कि शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उनके बीच सामाजिक, राजनीतिक और युवाओं से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। दोनों



भिवानी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात करते सांसद के बेटे मोहित चौधरी व बेटी सौम्या।

नेताओं ने भविष्य में परस्पर सहयोग एवं संवाद को प्रगाढ़ बनाने पर भी सहमति जताई।

मोहित ने बताया कि भेंट न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही, बल्कि आपसी सौहार्द और जनसेवा की भावना को भी और अधिक मजबूत करने वाली साबित हुई। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मोहित चौधरी के सक्रिय सामाजिक योगदान की सराहना की।

## छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया

**लोहारू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार व उपमंडल कानूनी सेवा समिति के चेयरमैन एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजन किया गया।

जिसमें पैनल अधिवक्ता मनोज ठोलिया द्वारा छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया व उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू तथा नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 500 साल पुराने स्थान पर दादा भोमिया की मूर्ति स्थापित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढिगावा मंडी

ढिगावा जाटान में 500 साल पुराने स्थान पर दादा भोमिया की मूर्ति की पुनर्स्थापना की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले हवन यज्ञ और जागरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समस्त ग्रामवासी, मंडी, बाजार और आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए वीरेंद्र मान, सरपंच धर्मवीर सिंह नेहरा, थानेदार जगमाल सिंह आदि ने बताया कि गांव ढिगावा जाटान की बसास्त करीब 500 पहले हुई थी।

यहां के ग्रामीणों में ग्राम देवता दादा भोमिया की बहुत मान्यता है। ग्रामवासियों को विश्वास है कि दादा भोमिया उनकी हर कामना को पूरी करते हैं। दादा भोमिया के कारण गांव और क्षेत्र में भाईचारा व शांति का



ढिगावा मंडी। मूर्ति स्थापना अवसर पर उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

माहौल बना रहता है। बता दे की दादा भोमिया की मूर्ति वर्षों पुरानी होने के कारण ग्रामवासियों ने नई मूर्ति की स्थापना करने का निर्णय लिया।

इसके चलते अब दादा भोमिया के मंदिर के प्रांगण में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया इसमें गांव की महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ नाच-गाकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। सुबह विधि-विधान से दादा भोमिया की मूर्ति की पुनर्स्थापना की गई।

### बीके वमा विद्यालय में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

# कविता पाठ में नालंदा सदन से तीसरी की वृतिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व लघुनाटिका द्वारा बढ़ती जनसख्या पर चिंता प्रकट करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की। विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसंख्या सबंधित समस्याओं पर वैश्विक स्तर चेतना जागृत करना, परिवार नियोजन के लाभ, लैंगिक समानता, गरीबी व मातृ स्वास्थ्य आदि के बारे में शिक्षित करना था। विद्यालय के सत्र 2021-22 में विद्यालय से उतीर्ण छात्र कृष ने दो-दो क्षेत्रों में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। छात्र कृष ने नीट में ऑल इंडिया रैंक 5124, अंक 571/720 तथा



बवानी खेड़ा। शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर उपलब्धियां प्राप्त की। कृष ने प्रथम कक्षा से विद्यालय में प्रवेश कर कक्षा दसवी तक विद्याध्यन किया। छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन कमेटी से सचिव योगेश शर्मा, सुरेश जांगड़ा, विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ विभाग कोर्डिनेटर योगेन्द्र सिंह, कनिष्ठ विभाग कोर्डिनेटर मंजू मालिक, अमित कुमार, अशोक जाखड़, मिनाक्षी ने बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि कृष एक होनहार छात्र है, जिसने अपनी महान उपलब्धि से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सुमधुर आवाज में विभिन्न विषयों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। कविता पाठ प्रतियोगिता में नालंदा सदन से कक्षा तीसरी की वृतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंद्रप्रस्थ सदन से कक्षा पांचवी से तेजस्वी ने द्वितीय व तक्षशिला सदन से कक्षा चतुर्थ की हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अतिथियो व शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और भविष्य में भी एक्टिविटियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कैरू में भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

शुक्रवार को गांव कैरू की बाबा मुंगीपा धर्मशाला कैरू में भाजपा मण्डल की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता सतीश वर्मा मण्डल अध्यक्ष ने की। बैठक में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचकर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, प्रदीप प्रजापति घुसकानी, राजेश जांगड़ा उपाध्यक्ष ने अपने विचार रखे। इस दौरान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कल 13 जुलाई को भिवानी में मनाई जाने वाली राज्य स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित



तोशाम। आयोजित बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा आदि अनेक मंत्री तथा वरिष्ठ नेता पहुंचेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने भाजपा संगठन की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान रमेश लालावास, महामंत्री बिजेंद्र भरकेशिया, महामंत्री अरुण लालावास, उपाध्यक्ष संदीप तंवर जुई, अनिल बलौदा, डॉ, नरेंद्र बाबरवास, सत्यवीर सरपंच, कृष्ण फौजी, जगमाल, रामनिवास, संदीप जीतवानबास, सुरजीत बीडीसी, राजेश लाम्बा, सुरेश जलंधरा, धर्मपाल वर्मा, कैलाश शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति आदि सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विश्व जनसंख्या दिवस पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

**भिवानी।** राजकीय वमा विद्यालय तिगड़ाना में विश्व जनसंख्या दिवस पर चार्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने चार्ट पर बहुत ही बेहतरीन पेंटिंग बनाकर प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि जनसंख्या नियंत्रण जरूरी है। इस अवसर पर अध्यापकों ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या हमारे संसाधनों, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि हम सभी जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के महत्व को समझें और समाज को जागरूक कर संतुलित एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

### सुबह की पारी में बसें बंद करने से लोग हुए परेशान

**बहल।** पिछले करीब 15 दिनों से बहल से भिवानी रूट पर सुबह की पारी में बसों को बंद किए जाने पर नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सुबह छह बजे से लेकर नो बजे तक कम से कम तीन बसों का संचालन करने की मांग रखी है। इस संबंध में ग्राम पंचायत व बहल के लोगों ने जीएम भिवानी को पत्र लिखा है। परिवहन विभाग के जिला महाप्रबंधक को ग्राम पंचायत बहल व सोशल एक्टिविस्ट राजेश अग्रवाल द्वारा भेजे पत्र में कहा गया है कि बहल से भिवानी बहल क्षेत्र का मुख्य मार्ग है जो बहल से लेकर भिवानी तक करीब दो दर्जन गांवों को जिले से जोड़ता है।

### सुचारू रूप से संचालित हुई सैकेंडरी की पूरक परीक्षाएं

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि आज प्रदेशभर में सैकेण्डरी के एच्छिक विषयों की परीक्षाएं सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालित हुई। अनुचित साधन प्रयोग का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। आज संचालित हुई सैकेण्डरी की ऐच्छिक विषयों की परीक्षा में प्रदेशभर के 27 परीक्षा केन्द्रों पर 402 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उनके स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला हिसार के परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., हिसार-08 एवं बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के उड़नदस्ते ने निरीक्षण किया।

## 24 घंटे बाद भी निकल पाया सेक्टर 13 में जमा बारिश का पानी

# 'पॉश कॉलानियां नहीं है रहने लायक'





**भिवानी।** सेक्टर-13 की सडक पर जमा बारिश का पानी व बारिश के पानी से गुजरते वाहन। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिकारी जल्द पानी की निकासी के दावे करते हैं, लेकिन सेक्टर के लोग आज भी नारकिय जीवन जीने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रशासन बारिश के पानी की निकासी के चाहे कितने भी दावे करें,लेकिन धरातल पर जीरो है। हालात ये बने है कि शहर की पॉश कॉलोनियों में शामिल सेक्टर 13 जमा बारिश के पानी आज तक भी निकासी नहीं हो पाई है। सेक्टर की सड़कों पर आज भी एक एक फुट बारिश का पानी जमा है। ये तब है जब बारिश को थमे हुए करीब 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत गया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी जल्द पानी की निकासी के दावे करते हैं, लेकिन सेक्टर के लोग आज भी नारकिय जीवन जीने पर मजबूर है। गुरुवार शाम के वक्त बारिश आई थी। रात के समय में हलकी बूंदाबांदी हुई,जिससे कोई जलभराव नहीं हुआ।

कल शाम को आई बारिश से कई जगहों पर थोडा बहुत बारिश का पानी जमा हुआ था। शहर का पानी तो एक घंटे के भीतर ही निकल गया,लेकिन सेक्टर 13 में अभी तक बारिश का पानी सड़कों पर जमा है।

बारिश को थमे करीब 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत गया।लोग बारिश के पानी से ही होकर निकल रहे है। यह हालत सेक्टर 23 में भी बनी है। जिस वजह से लोग खासे परेशान है।

#### कई बार अधिकारियों दे चुके हैं शिकायत

लोग इसी पानी से निकलकर गंत्तव्य तक जा रहे है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस बारे में कई बार हुडा के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसके चलते सेक्टर 13 व 23 लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है। वहीं बारिश के पानी की निकासी न होने से सेक्टर में खाली पड़े प्लाटों में भी बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से क्षेत्र में मच्छरों की तादाद में एकदम बढोतरी हो गई है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इलाके में महामारी फैलने की आशंका बन जाएगी।

#### मेनहोल उगल रहे पानी

सेक्टर 13 व 23 के पानी की निकासी की कोई सही ढंग की व्यवस्था नहीं है। जिस वजह से बारिश व घरों से निकलने वाला पानी सीवर में तो जाता है,लेकिन सीवर का पानी आगे कहीं पर नहीं जाता। पूरे दिन पानी सेक्टर के सीवरों में ही चक्कर काटता रहता है। सेक्टर में सीवर का जो मेनहोल ढलान में होता है। बारिश व सीवर का पानी उसी मेन होल से सड़कों पर उगलने लगता है। जिस वजह से सडकों पर कहीं पर आधा तो कहीं पर एक फुट तक बारिश का पानी जमा है।



**बवानीखेड़ा।** गांव जताई के राजकीय उच्च विद्यालय के कमरों में पानी घुसने से कक्षा में बैठे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## जताई विद्यालय के कक्षा कक्षों में घुसा बरसाती पानी, विद्यार्थी हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

- बारिश ने सभी के हौंसले ध्वस्त कर दिए

गांव जताई के राजकीय उच्च विद्यालय में मूसलाधार बारिश के कारण कमरों में पानी घुस गया, जिसकारण विद्यार्थियों को पानी में ही कक्षाएं लगानी पड़ी।

हालांकि विद्यालय मुख्याध्यापक नरेन्द्र सिंह एवं स्टाफ ने मिलकर भरसक प्रयास किए कि पानी को निकाला जा सके, लेकिन बारिश ने सभी के हौंसले ध्वस्त कर दिए। वहीं विद्यार्थियों ने भी बताया कि बारिश के कारण कमरों में पानी जमा हो गया और कक्षाएं लगाकर पढ़ाई करने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़े। मुख्याध्यापक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि पानी निकालने का कार्य जारी है।

## स्कूल व मंदिर मार्ग पर जलभराव

- घुटनों तक भरे पानी में चलना मुश्किल, लगा रहता गिरने का भय : महिलाएं
- नंदगांव में जलभराव की समस्या का जल्द निदान नहीं हुआ तो आंदोलन को होंगे मजबूर : ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** गांव नंदगांव में गलियों व सड़क पर जमा पानी। *फोटो : हरिभूमि*

गांव नंदगांव में स्कूल और बाबा पूर्णानंद गिरी मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर गहरा जलभराव ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। जलभराव की समस्या सिर्फ राहगीरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पनघट पर पानी भरने आने वाली महिलाओं को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने अब प्रशासन के प्रति गहरा रोष जताते हुए इसके शीघ्र समाधान की गुहार लगाई है। ग्रामीण सूबेदार राजवीर सिंह, रामस्वरूप, गजराज सिंह, रामकुमार, सतबीर पूर्व पंच, महेंद्र, रतीभान, सोनू व संजय ने बताया कि यह मार्ग गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी से बच्चे स्कूल जाते हैं और ग्रामीण व श्रद्धालु बाबा पूर्णानंद गिरी मंदिर पहुंचते हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब पूरा रास्ता तालाब में तबदील हो जाता है। कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना हर किसी के लिए मुश्किल और जोखिम भरा हो जाता है। वही महिलाओं सरताज देवी, राजवंती देवी, मीनू यादव, बिमला देवी, धनपति देवी, रीना यादव ने कहा कि उन्हे पनघट से पानी लाने के लिए इसी रास्ते से होकर जाना पड़ता है। घुटनों तक भरे पानी में चलकर पानी लाना बहुत मुश्किल होता है। कई बार तो गिरने का डर भी बना रहता है। यही नहीं स्कूली बच्चों को भी इस गंदे पानी से होकर स्कूल जाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं, जिससे बीमारी फैलने का भय बना हुआ हैं।

## रेलवे स्टेशन पार्किंग में जमा बरसाती पानी

- ऑटो रिक्शा व वाहन चालकों के लिए बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



**लोहारू।** लोहारू के रेलवे जंक्शन के सामने जमा बरसाती पानी और लगी ऑटो रिक्शा की कतारें। *फोटो : हरिभूमि*

पिछले दो दिनों से लोहारू और आसपास के इलाके में हो रही झमाझम बरसात जहां शहर निचले इलाके के लोगों के लिए मुसीबत बन गया है वहीं लोहारू रेलवे स्टेशन पार्किंग में जमा बरसाती पानी ऑटो रिक्शा व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वाहन लेकर पहुंच रहे रेलयात्रियों, ऑटो रिक्शा चालकों और पैदल यात्रियों ने बरसाती सीजन को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन से रेलवे स्टेशन के बाहर बरसाती पानी निकासी के माकूल प्रबंध किए जाने की मांग की है। बता दें कि लोहारू रेलवे जंक्शन का अमृत भारत योजना के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य इन दिनों प्रगति पर है। पार्किंग स्थान के अलावा रेलवे स्टेशन की चहारदीवारी और क्वार्टर इलाके में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। बरसाती सीजन शुरू होने के कारण रेलवे स्टेशन के मुख्य दरवाजे के सामने व वाहन पार्किंग एरिया में बरसाती पानी जमा हो गया है। जिससे आम रेल यात्रियों के अलावा ऑटो रिक्शा चालक और वाहन चालक काफी परेशान हैं। पार्किंग संचालक पवन कुमार सैनी ने बताया कि निर्धारित पार्किंग स्थल के एक ओर बरसाती पानी जमा होने और दूसरी और ऑटो रिक्शा के खड़ा होने से मुख्य मार्ग लगभग अवरूद्ध हो जाता है। बरसाती पानी के कारण कीचड़ जैसा माहौल बन जाता है, जिसमें से रेल यात्रियों का गुजरना तक मुश्किल हो जाता है। वहीं दूसरी ओर ऑटो चालक मनोज कुमार, सोमबीर सिंह, रंजीत, लख्मी, मुकेश और नरेश कुमार ने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन को मुख्य दरवाजे के सामने से बरसाती पानी व कीचड़ आदि को साफ करवाने की व्यवस्था करनी चाहिए। स्टेशन अधीक्षक जगदीश मीणा ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर पुनर्निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अस्थायी समस्याएं निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा हैं। लेकिन बरसाती पानी की समस्या के समाधान के लिए मिट्टी आदि डालकर मार्ग को समतल किया जाएगा।

### उज्ज्वल दृष्टि योजना में वितरित किए 194 चश्में



**बवानी खेड़ा।** नागरिक अस्पताल में उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत नि:शुल्क चश्मा वितरित कैंप में मौजूद।

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के नागरिक अस्पताल में उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत नि:शुल्क चश्मा वितरित कैंप लगाया, जिसमें 45 वर्ष की आयु से अधिक के महिला एवं पुरूषों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। लाभार्थियों का सुबह से ही अस्पताल में तांता लगना शुरू हो गया, जिसमें एसएमओ डॉ. ज्योति कपूर, डॉ. अमित कुमार एवं स्टाफ के नेतृत्व में 194 चश्मे वितरित किए। एसएमओ डॉ. ज्योति कपूर एवं डॉ. अमित कुमार ने बताया कि सरकार के अनूठी योजना है, जिससे लाभार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

## भाषण में खुशी व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रितिका प्रथम

- मॉडल संस्कृति स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिताओ का आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा एकादश कॉमर्स से खुशी व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रितिका ने बाजी मारी। वहीं अर्थशास्त्र प्रवक्ता सुनील शर्मा ने छात्रों को जनसंख्या वृद्धि के भविष्य में होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों व रोकथाम के उपायों से अवगत करवाया। प्राचार्या संतोष भाकर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नवीन परमहंस, मोहित यादव, अनिल शर्मा, नवीन कुमार, भूपेंद्र शर्मा, दीपाली, राजबाला, मीनू कुमारी व सोनू तंवर आदि उपस्थित रहे।



**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस के दौरान उपस्थित स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### लोहारू विस क्षेत्र में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**लोहारू।** लोहारू के एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) मनोज दलाल की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय स्थित सभागार में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को प्रशिक्षित कर उन्हें उनके कार्य में और अधिक पारंगत बनाना था। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता बीएलओ की मेहनत, ईमानदारी और सजगता पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी बीएलओ को फॉर्म भरने की प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नए मतदाता (18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके/करने वाले) फॉर्म 6 भरें।



**बवानीखेड़ा।** गांव तालू में पौधरोपण करते बवानीखेड़ा हलका विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि। *फोटो : हरिभूमि*

### तालू में विधायक वाल्मीकि के भाई ने किया पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा हलका से विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने गांव तालू में पहुंचकर ग्रामीणों संग मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। उन्होंने अपने संपर्क अभियान में लोगों को बताया कि हम गर्मी में छायादार पेड़ों को तलाशते हैं, लेकिन पौधें लगाना भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम पौधें लगाएंगे तभी वे पेड़ बनेंगे, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे।




**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


### प्रिंटिंग कार्य करने वाले प्रिंटर्स की अटकी राशि का भुगतान करने की मांग

## प्रिंटिंग प्रेस एसो. ने शिक्षा बोर्ड चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

- भुगतान राशि न मिलने से प्रिंटर्स के समक्ष बनी आर्थिक परेशानियां : दलबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन ने शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा बोर्ड में प्रिंटिंग कार्य करने वाले प्रिंटर्स की लंबे समय से अटकी राशि के भुगतानों को लेकर नाराजगी जताई। ज्ञापन में एसोसिएशन के प्रधान दलबीर वर्मा ने बताया कि पिछले एक वर्ष से प्रिंटिंग कार्य का भुगतान नहीं मिलते से उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा संबंधी सामग्रियों की छपाई जैसे संवेदनशील कार्यो को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के बावजूद प्रिंटिंग प्रेस संचालक मेहनताना राशि के लिए महीनों से कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंटर्स की आजीविक पूरी तरह से इसी कार्य पर निर्भर करती है, जिससे उनके बच्चों की पढ़ाई, घर का राशन व अन्य जरूरी खर्चे पूरे होते है, लेकिन पिछले लंबे समय से ये भुगतान अटका हुआ है, ऐसे में वे मांग करते है कि प्रिंटर्स के अटकी भुगतान राशि को जल्द जारी किया जाए। फेडरेशन ऑफ ट्रेड एसोसिएशन के सचिव अमित बंसल ने कहा कि शिक्षा बोर्ड में सामान सप्लाई करने वाले सभी व्यापारी व वेंडर्स का भुगतान पिछले लंबे समय से नहीं हो रहा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा ने प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जिस किसी भी प्रिंटर ने अपना कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार सही तरीके से किया है, उसकी पेमेंट तुरंत प्रभाव से की जाएगी। वह स्वयं सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर समन्वय बैठक करेंगे, ताकि सभी वैध भुगतान को शीघ्रता से निपटाया जा सके।



**भिवानी।** बोर्ड चेयरमैन व सचिव को ज्ञापन सौंपते भिवानी प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### नेटबॉल की विभिन्न स्पर्धाओं के लिए ट्रायल कैंप कल : कौशिक

**भिवानी।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता ने बताया कि नॉर्थ जोन राष्ट्रीय चैंपियनशिप (2025-26), जो 25 से 27 जुलाई तक डीडी पब्लिक स्कूल याकूबपुर झज्जर में होगी तथा चौथी सीनियर फास्ट-5 नेटबॉल चैंपियनशिप (2025-26) एवं दूसरी सीनियर मिक्स्ड नेटबॉल चैंपियनशिप (2025-26) जो 28 अगस्त से 31 अगस्त को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल में होगी, इन सभी चैंपियनशिप में हरियाणा नेटबॉल की दोनों वर्ग की टीमें चैपियनशिप में भाग लेगी। इन सभी चैंपियनशिप के लिए ट्रायल/ कैंप 13 जुलाई को शाम 4 बजे से राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में शुरू होगी।